ई-गवर्नेंस एप्लीकेशन देश की बेस्ट प्रैक्टिस में शामिल

देहरादून। उत्तराखंड के आवास विभाग में राज्य के नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए गए ऑनलाइन ई-गवर्नेंस एप्लीकेशन eASE-App को केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने अपनी अर्द्धवार्षिक ई-पत्रिका में देश की सर्वोत्तम प्रथाओं की सूची में जगह दी है।

इस पत्रिका में हर वर्ष केंद्रीय व राज्य के विभागों व संगठनों की उन सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थान दिया जाता है, जो न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की

आवास विभाग की ई गवर्नेंस एप्लीकेशन देश की बेस्ट प्रैक्टिस में शामिल

व्यवस्था बनाने में सहयोग देती हैं। जहां बिना अनावश्यक दखल के प्रशासन और सुशासन चलाया जा सके। आवास विभाग ने यह साफ्टवेयर तत्कालीन सचिव शैलेश बगौली के मार्गदर्शन में ऊधमसिंह नगर जिलास्तरीय विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में ऊधमसिंह नगर प्राधिकरण में शुरू किया है। ब्यूरो